चयन समिति कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बलौदाबाजार,

जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छत्तीसगढ़)

//सूचना//

क्र Q4 दिनांक 16.10.2026

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बलौदाबाजार में सहायक ग्रेड–3, स्टेनोग्राफर ग्रेड–3 हिन्दी, स्टेनोग्राफर ग्रेड–3 अंग्रेजी पद पर भर्ती हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की जाँच उपरांत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की अनंतिम सूची (Provisional List) जिला न्यायालय बलौदाबाजार की आधिकारिक वेबसाइट (https://balodabazar.dcourts.gov.in/) पर प्रकाशित की गयी है तथा कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

अतः जिन अभ्यर्थियों को अपात्र घोषित किया गया है, वे अपनी दावा–आपत्ति कार्यालयीन दिवस दिनांक 22.10.2026 से दिनांक 29.10.2026 के सुबह 10:30 बजे से सायं 05:30 तक *व्यक्तिगत रूप से चयन समिति के समक्ष जिला न्यायालय बलौदाबाजार के सभाकक्ष में उपस्थित होकर* प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। उक्त निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

यह स्पष्ट किया जाता है कि पात्र अभ्यर्थियों की प्रकाशित अनंतिम सूची को उनकी अंतिम पात्रता का प्रमाण नहीं माना जाएगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में अथवा परीक्षा/परिणाम घोषित होने के पश्चात् भी यदि यह पाया जाता है कि किसी अभ्यर्थी की पात्रता में कोई कमी है अथवा वह निर्धारित अर्हताओं को पूरा नहीं करता है, तो ऐसे अभ्यर्थी की अर्हता/उम्मीदवारी किसी भी चरण में निरस्त की जा सकेगी। इस संबंध में भर्ती समिति का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

दावा–आपत्तियों के निराकरण के पश्चात् पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की अंतिम सूची पृथक से जिला न्यायालय बलौदाबाजार की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।

16/10/2026

अध्यक्ष

चयन/भर्ती समिति

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय

जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

स्थान बलौदाबाजार

दिनांक 16.10.2026